हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

11 सुकमा में बस्तर ओलंपिक की धूम, ...


12 मोतियाबिंद के 484 मरीजों का महारानी अस्पताल...


## शासकीय विभागों पर 1.56 अरब का बिजली बिल लंबित, विभाग कर रहा अनदेखी

### विद्युत कंपनी ने डिस्कनेक्शन अभियान के लिए डीसी व जोन में गठित की टीम

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग के सातों जिलों के उपभोक्ताओं पर दो अरब 30 करोड़ 75 लाख रूपए का बिजली बिल बकाया है, जिसमें से शासकीय विभाग पर एक अरब 56 करोड़ 88 लाख एवं निजी उपभोक्ताओं पर 73 करोड़ 87 लाख रूपए का बिल लंबित है।

इसकी वसूली के लिए विद्युत कंपनी ने सातों जिलों में डिस्कनेक्शन अभियान शुरू किया, जिसमें से विद्युत वितरण केन्द्रों में दो टीमें और जोन में 3 टीमें गठित किया जा रहा है, जो सुबह से शाम तक बकायादार उपभोक्ताओं के घर, प्रतिष्ठानों एवं शासकीय कार्यालयों में पहुंचेंगी। बकाया का भुगतान नहीं करने पर तत्काल बिजली कनेक्शन काटी जाएगी, टीम में कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता नेतृत्व करेंगे।

#### ऑनलाइन कटेगी लाइन

अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने बताया कि विद्युत कंपनी ने निजी उपभोक्ताओं एवं शासकीय विभाग के कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाया गया। ऐसे बकायादार उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन सीधे रायपुर से बिना लाइनमेन पहुंचे ही ऑनलाईन में बटन दबाकर लाईन काट जाएगी। स्मार्ट मीटर एक्टीवेट होने के बाद उपभोक्ताओं को मोबाइल की तरह मीटर को रिचार्ज कर बिजली का उपयोग कर सकेंगे।




#### बकाया बिल का समय पर करें भुगतान

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि बकाया वसूली के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके लिए क्षेत्र के डीई, एई, जेई को निर्देश दिया कि बकाया की वसूली करें, जिससे बकाया निरंक हो सके। बकाया निरंक होने पर क्षेत्र के अधिकारियों को कंपनी की ओर सम्मानित किया जाएगा। उपभोक्ताओं से कहा कि बकाया बिल का भुगतान समय में करें।

**अरबों का बिल है बकाया :** सातों जिलों के शासकीय विभाग में जल संसाधन पर 16 लाख 72 हजार 123, राजस्व विभाग पर 3 करोड़ 66 लाख 49 हजार 589, पुलिस विभाग पर 35 करोड़ 57 लाख 91 हजार 027, वन विभाग पर एक करोड़ 54 लाख 45 हजार 813, परिवहन विभाग पर 31 हजार 245, जेल विभाग पर 6 लाख 62 हजार 725, कृषि विभाग पर 24 लाख 84 हजार 966, मत्स्य पालन पर 3 लाख 51 हजार 819, न्यायालय विभाग पर 5 लाख 56 हजार 393, लोक निर्माण विभाग पर एक करोड़ 99 हजार 057, शिक्षा विभाग पर 5 करोड़ 87 लाख 79 हजार 571, स्वास्थ्य विभाग पर 3 करोड़ 32 लाख 5 हजार 778, आदिम जाति कल्याण विभाग पर 9 करोड़ 99 लाख 65 हजार 092, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर एक करोड़ 16 लाख 80 हजार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पर 5 करोड़ 25 लाख 98 हजार 343, हाऊसिंग बोर्ड पर 51 लाख 89 हजार 747, स्थानीय निकाय जिसमें नगर निगम, नगरपालिका, ▶▶शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### 4 आपदा पीड़ित परिवारों को दी गई 16 लाख की सहायता राशि

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर द्वारा तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम मारडूम निवासी चिंता मंडावी की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र संपत मंडावी को, तहसील बास्तानार ग्राम बडे.काकलूर निवासी सुनिता मंडावी की मृत्यु सर्पदंश से माता कोसी को, तहसील तोकापाल ग्राम करंजी निवासी राजनन्दिनी मंडावी की मृत्यु पानी में डूबने से पिता आयतु मंडावी को और तहसील जगदलपुर ग्राम मारकेल निवासी चेतन की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि तुलावती को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### समर्थन मूल्य से मक्का का दाम कम मिल रहा



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बस्तर अंचल के किसान बाजार की मनमानी और सरकारी उदासीनता के बीच पिस रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा खरीफ के लिए मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। किंतु बस्तर के अधिकांश किसानों को 1700 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल में बेचनी पड़ रही है। व्यापारी समर्थन मूल्य से कम दर पर खरीदी कर रहे हैं। एक तरफ किसानों को ऊंचे दामों पर खाद, बीज और कीटनाशक बेचे जाते हैं और दूसरी ओर उन्हीं की फसल का दाम कम मिलता है।

### छत्तीसगढ़ टीम में बस्तर के दो खिलाड़ी, अनस और पलाश का चयन



**जगदलपुर।** भारतीय किक्रेट कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता 9 नवंबर से शुरू हो रही है। छत्तीसगढ़ की टीम में बस्तर जिले से अब्दुल अनस खान एवं पलास मण्डल का चयन किया गया है। ये दोनों खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर चयनकतार्ओं को प्रभावित किया है। अनस दाये हाथ के आक्रामक शैली के बल्लेबाज तथा मध्यम गति के तेज गेंदबाज भी है। वही पलाश मण्डल दाये हाथ के स्पिनर तथा मध्यक्रम में लम्बी पारी खेलने में माहिर है। छत्तीसगढ़ को पंजाब, उत्तराखण्ड, बड़ौदा, बंगाल, चण्डीगढ़, बिहार, महाराष्ट्र के साथ ग्रुप में रखा गया है। मैच रांची में खेला जायेगा। दोनो खिलाड़ी रायपुर प्रशिक्षण कैंप के लिए रवाना हो गए है। यह जानकारी केदार ठाकुर ने दी है।

### सरपंच ने एकलव्य आवासीय स्कूल का लिया जायजा

**जगदलपुर।** ग्राम गढ़िया के युवा सरपंच भरत कश्यप ने गढ़िया एकलव्य आवासीय स्कूल का आज दौरा किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों से मुलाकात कर हाल जाना। उन्होंने कहा कि बस्तर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत है उन्हें निखारने की। उन्होंने किसी भी तरह की जरूरत और समस्याओं के लिए ग्रामवासियों के साथ बच्चों को शिक्षा में बेहतर करने हमेशा सहयोग की बात कही। शिक्षण कार्य और शाला परिसर में व्यवस्था का सरपंच ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में विद्यार्थियों से चर्चा की। शिक्षकों से स्कूल गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान पंच निरंजन बघेल तथा तुलसी मण्डावी उपस्थित थे।

### वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर टाऊन हाल में हुआ किया कार्यक्रम

## वंदे मातरम् देश की आजादी का शस्त्र और एकता के सूत्र में पिरोने वाला राष्ट्रीय गीत : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हाल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि देश की आजादी का शस्त्र और देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना का 150 वीं वर्षगांठ के लिए देश-प्रदेश के सभी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

- टाउन हॉल से सिटी ग्राउंड तक रैली निकली

उन्होंने कहा कि स्व. बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा 7 नवम्बर 1875 में रचना की गई थी, जिसका प्रकाशन आनंदमठ में हुआ था। रचना की प्रारम्भिक पंक्तियों को राष्ट्रीय गीत के रूप अपनाया गया। उन्होंने इसके इतिहास के सम्बद्ध में उल्लेख करते हुए कहा कि वन्दे मातरम् की 150 वीं वर्ष के लिए 7 नवम्बर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, एमआईसी के सदस्य, पार्षदगण, गणमान्य जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, स्कूली छात्र-छात्रों उपस्थित रहे। इसके अलावा कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत-जनपद कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में वन्दे मातरम् के 150 वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम और राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया।








#### पीएम मोदी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गए। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से समस्त शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान में किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सेजस और सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम् गीत का गायन किया गया। साथ ही जनप्रतिधियों और स्कूली बच्चों के द्वारा टाउन हॉल से सिटी ग्राउंड तक रैली भी निकली गई।

## नक्सल ऑपरेशन के दौरान जवान भालू के हमले से हुआ घायल

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में पिछले तीन दिन से नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हमला नक्सलियों की ओर से नहीं बल्कि जंगली भालू ने किया है। गुरूवार को हुए हादसे के बाद घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

गौरतलब है कि बीजापुर जिले में पिछले तीन दिन से नक्सल ऑपरेशन चल रहा है। जवानों की अलग अलग टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली हुई है। ऑपरेशन के दौरान गुरुवार को जिला पुलिस बल के एपर भालू ने हमला कर दिया। जवान वेट्टी कन्ना पर भालू ने उस समय हमला किया जब टीम के साथ वह करेंगुट्टा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन में शामिल था। भालू के हमले में वेट्टी कन्ना के पैर में गहरी चोटें आईं है जिसके बाद वह बेहोश हो गया था। इस हमले के बाद साथी जवानों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए भालू को भगाया और घायल जवान को सुरक्षित स्थान पर ले गए। उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी देने के बाद जवान को हेलीकॉप्टर से जिला अस्पताल बीजापुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

#### आपॅरेशन के दौरान पूर्व में भी जवान हो चुके हैं घायल

नक्सल ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुकाबले के दौरान कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हो जाती है जब जवानों को नक्सलियों के अलावा जंगली जानवरों से भी निपटना पड़ता है। इससे पूर्व 4 अगस्त को अबूझमाड़ के जंगलों में भालू ने बस्तर फाइटर्स के एक जवान को जख्मी कर दिया था। वहीं 23 जुलाई को नक्सल प्रभावित खल्लारी थाना क्षेत्र के फरसगांव के जंगल में सर्च ऑपरेशन पर निकले जवानों पर चार भालुओं ने अचानक हमला कर दिया था. इस हमले में भी एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## राशन में हेराफेरी से ग्रामीण नाराज

**बकावंड।** बस्तर जिले के जनपद पंचायत बकावंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुंगापाल में संचालित उचित मूल्य की राशन दुकान में अनियमितताओं की ग्रामीणों ने एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जांच व कार्रवाई की मांग की है। इस पिछड़े क्षेत्र में कम पढ़े-लिखे आदिवासी परिवार निवास करते हैं। तुंगापाल के साथ ग्राम कोरटा क्षेत्र के लोगों को भी इसी दुकान से राशन वितरण की व्यवस्था है।

- एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन देकर दुकानदार को हटाने की मांग

यह दुकान बिरेन्द्र बघेल द्वारा संचालित की जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले पांच वर्षों से राशन दुकान का संचालन कर रहे हैं लेकिन अनियमितता के कारण लोग परेशान हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2024-25 में तीन माह का चावल एक साथ आने पर अप्रैल माह में केवल दो माह ▶▶शेष पेज 10 पर





#### ग्रामीणों ने एसडीएम और तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

खाद्य विभाग के निरीक्षक ने भी पुष्टि की है कि तुंगापाल पंचायत से लंबे समय से राशन हेराफेरी की शिकायतें मिल रही हैं लेकिन जांच अब तक पूरी नहीं हुई है। विभागीय स्तर पर विक्रेता का हिसाब निकालकर दुकान को पंचायत के अधीन करने की प्रक्रिया प्रस्तावित है। पंचायत प्रतिनिधियों के 28 अक्टूबर को गोदाम जांच के दौरान 94 बोरा चावल का डीओ कटा हुआ मिला। जबकि शक्कर और चना का स्टॉक नहीं था। ग्रामीणों ने एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जांच कर विक्रेता बिरेन्द्र बघेल को हटाने की मांग की है।

## घर में घुसकर तोड़फोड़ कर चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के महारानी वार्ड में घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने व तोड़फोड़ मामले में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली भोला सिंह राजपुत के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। एएसपी ने बताया कि प्रार्थिया श्रीमती झरना सोनी निवासी महारानी वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 22 अक्टूबर की रात मोहल्ले के देबू मंडावी, सोनू, टोबो, कोदू, नोडी, तनिश, हगी मारू ने मिलकर घर में लगे सीमेंट के सीट को तोड़फोड़ करते हुए झोपडी में लगे झिल्ली को आग लगा दिया और घर में घुस कर आलमारी को तोड़ कर रखे पैसे चोरी कर लिया। रिपोर्ट दर्ज होते ही सक्रिय पुलिस ने मामले में शामिल आदतन आरोपी देवेंद्र मंडावी उर्फ देबू 25 साल निवासी महारानी वार्ड को में हिरासत में लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर उसने अपने सभी साथियों के साथ एक राय होकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## उद्यानिकी योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा : युकां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

उद्यानिकी विभाग के योजनाओं में हो रही अनियमितताओं एवं किसानों को उनके अधिकारों एवं लाभ से वंचित किए जाने के विरोध में बस्तर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने आज उपसंचालक आकांक्षा सिन्हा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बस्तर जिले के विभिन्न विकासखंडों में फलदार पौध वितरण, नर्सरी विकास, ड्रिप सिंचाई योजना, सब्जी उत्पादन एवं बागवानी विस्तार कार्यक्रम जैसी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक सही रूप में नहीं पहुंच रहा है।

- युवक कांग्रेस ने सौंपा उपसंचालक को ज्ञापन

ग्रामीण अंचलों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी न देना, पौध वितरण में पक्षपात एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता की कमी जैसे अनियमितताएं सामने आई हैं। कई किसानों ने यह भी बताया कि उन्हें योजनाओं के आवेदन या अनुदान राशि की जानकारी तक नहीं दी जा रही है। इन कारणों से वास्तविक लाभार्थी किसान शासन की योजनाओं से वंचित हो रहे हैं तथा भ्रष्टाचार और मनमानी को बढ़ावा मिल रहा है।

युवा कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि विभागीय योजनाओं की जांच के लिए स्वतंत्र समिति गठित की जाए, पात्र किसानों की सूची सार्वजनिक की जाए, योजनाओं में पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन सूचना प्रणाली लागू की जाए, दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाए।

**उपसंचालक ने दिया आश्वासन :** उपसंचालक उद्यानिकी आकांक्षा सिन्हा ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले को संज्ञान में लेते हुए किसानों को विभागीय योजनाओं का शीघ्र लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

इस दौरान उपाध्यक्ष सहित प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयाराम कश्यप, खिरेंद्र यादव एवं समीर खान मौजूद रहे।

### महेन्द्र कर्मा विवि में कार्यशाला, जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर हुई चर्चा

## जनजातीय वीरों ने मुगलों और अंग्रेजों से लड़कर समाज को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय था जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत एवं उनके ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान। स्वागत उद्बोधन में कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह,भगवान बिरसा मुंडा, टंटया भील, सिदो-कान्हो और रानी दुर्गावती जैसे जनजातीय समाज के वीरों ने अपने अदम्य साहस से भारत मां की रक्षा की।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की परंपरा में मानव-मानव के प्रति समानता और आदर का भाव रचा-बसा है। आज बस्तर नक्सलवाद की छाया से मुक्त होकर नई सामाजिक दिशा की ओर बढ़ रहा है और हमें अकादमिक जगत में भी इस समाज की संवेदनशीलता के साथ काम करना होगा।

**पूर्वजों के चरित्र को जीवन में उतारें :** सांसद महेश कश्यप ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनजातीय वीरों ने मुगलों और अंग्रेजों से लड़कर समाज को बचाया है। उन्होंने कहा आज हमारे समाज को षड्यंत्रपूर्वक रावण और महिषासुर से जोड़ा जा रहा है जबकि हमारे पूर्वज ही धर्म, साहस और संस्कृति के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय परंपराएं और विरासत ही हमारी असली शक्ति हैं इन्हें बचाना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

**अरण्य संस्कृति ही भारत की आत्मा :** रामनाथ कश्यप ने कहा अरण्यक संस्कृति ही भारत की आत्मा वनवासी विकास समिति के प्रांत संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि अरण्यक संस्कृति ही भारत की मूल संस्कृति रही है जो बाद में ग्राम संस्कृति बनी। उन्होंने रामायण, महाभारत और मेवाड़ के वीर महाराणा प्रताप का उदाहरण देते हुए बताया कि जनजातीय समाज प्रकृति की पूजा कर कृतज्ञता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि घोटुल जैसी सामाजिक संस्थाएं समाज में संस्कार और अनुशासन की पाठशाला रही हैं। कश्यप ने कहा कि इतिहास में अनेक जनजातीय वीरों ने ▶▶शेष पेज 10 पर




#### युवाओं में जगे आत्मविश्वास और संगठन की भावना

विवि कार्यपरिषद् सदस्य राजीव शर्मा ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रमों को व्यापक रूप से महाविद्यालयों तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास जगाते हैं जिससे वे अपने अतीत, अस्तित्व और संस्कृति के प्रति गर्व महसूस कर सकें।

#### जनआंदोलन का रूप ले चुकी है विवि की पहल

समन्वयक डॉ सजीवन कुमार ने बताया कि बस्तर की भूमि जनजातीय चेतना की अनुपम भूमि है। उन्होंने कहा कि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने पिछले वर्ष से जनजातीय महापुरुषों के योगदानों को जन-जन तक पहुंचाने की पहल की है और अब यह आयोजन पूरे देश में जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

**खबर संक्षेप**



## 188 बटालियन सीआरपीएफ में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हुआ कार्यक्रम

**कोण्डागांव।** कार्यक्रम के प्रारंभ में कमाण्डेंट भवेष चौधरी ने अपने संबोधन में बताया कि वंदे मातरम् का रचना कार्य बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875 में किया था। उन्होंने कहा कि यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जन–जन में देशभक्ति और एकता की भावना जगाने वाला था। कमाण्डेंट चौधरी ने कहा वंदे मातरम् केवल राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा है, जो हमें मातृभूमि के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देता है। कमाण्डेंट चौधरी के मार्गदर्शन में 'वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया गया। जिसमें सभी उपस्थित जवानों ने पूरे जोश और गर्व के साथ भाग लिया। इस दौरान परिसर देशभक्ति के नारों और गीतों से गुंजायमान हो उठा।
इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी नीतीन्द्रनाथ, उप कमाण्डेंट कमल सिंह मीणा, सहायक कमाण्डेंट ओमप्रकाश विश्नोई, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आरपी, निरीक्षक सत्यवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं जवानों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

## उमिता, भगत और दीपाली कर रहे ग्वालियर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता



**कोण्डागांव।** ग्वालियर में आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के स्वयंसेवक उमिता मरकाम और भगत नेताम, तथा शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय कोंडागांव की दीपाली नेताम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर का प्रतिनिधित्व किया है। यह आयोजन आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर मध्यप्रदेश में 5 से 14 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में देशभर से चयनित एनएसएस स्वयंसेवक गणतंत्र दिवस परेड की पूर्व तैयारियों और सांस्कृतिक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। उमिता, भगत और दीपाली ने बस्तर की पारंपरिक लोककला, नृत्य और संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर जिले का नाम रोशन किया। उनकी प्रस्तुति को आयोजकों और प्रतिभागियों ने खूब सराहा। यदि ये छात्र आगामी चयन चरण में सफल होते हैं,तो 26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर बस्तर कोंडागांव का गौरव बढ़ाएंगे। कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई ने भी छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हौसला बढ़ाया। शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने स्वयंसेवकों की मेहनत और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा इस तरह के राष्ट्रीय आयोजनों से छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण, समर्थ भारत निर्माण का संकल्प

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित इस संगठन का उद्देश्य राष्ट्र की स्वतंत्रता, समाज की एकता और सशक्त भारत का निर्माण था। आज संघ अपने 100वें वर्ष में समर्थ भारत के निर्माण का संकल्प लेकर नई ऊर्जा और –ष्टि के साथ आगे बढ़ रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में 100 वर्ष संघ यात्र नामक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस यात्र का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक संगठन के विचार, संस्कार और राष्ट्रभावना को पहुँचाना है, ताकि एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समरस भारत का निर्माण हो सके।

# स्कूल में छात्र–छात्राओं ने एक स्वर में किया राष्ट्रगीत का सामूहिक गान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

**हरवेल हायर सेकेंडरी स्कूल में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हुआ भव्य आयोजन**

- देशभक्ति और गर्व के माहौल में गूंजा वंदे मातरम्

विकासखण्ड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत हरवेल स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को वंदे मातरम राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर स्कूली छात्र–छात्रओं, शिक्षकों एवं व्याख्याताओं की उपस्थिति में राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य शंभूराम सूर्यवंशी, वरिष्ठ व्याख्याता रामसाय नाग, तथा अतिथि के रूप में पूर्व माध्यमिक शाला हरवेल के प्रधाना

ध्यापक भुनेश्वर नेताम उपस्थित रहे। प्राचार्य एवं अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बताया कि वंदे मातरम् गीत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित किया गया था, जिसे बाद में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने सुरों में पिरोया था। उन्होंने विद्यार्थियों से इस गीत की भावना देशप्रेम, एकता और त्याग को जीवन में अपनाने की अपील की।

### प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा गया

इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को दिखाया गया। जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। रंगोली, वाद–विवाद, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम के दौरान रंगोली, वाद–विवाद, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्था के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और राष्ट्रगीत के इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।





## हादसा : उरांदाबेड़ा थाने में पदस्थ आरक्षक शंकरलाल नाग की मौके पर मौत

# एनएच-30 पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, छीनी जवान की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- फरसगांव में हजारों लोगों ने दी अंतिम विदाई, सीएएफ ने दी सलामी

एनएच-30 पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। केशकाल थाना क्षेत्र के गुलबापारा के पास गुरुवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान शंकरलाल नाग की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। ग्राम जवान का उनके गृह ग्राम फरसगांव में शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक शंकरलाल नाग उरांदाबेड़ा थाने में आरक्षक के रूप में पदस्थ थे। वे अपने बड़े भाई के साथ कोहकामेटा में आयोजित शोक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान एनएच-30 पर सामने से आ रही लकड़ी से भरी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शंकरलाल नाग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद भाई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।





### ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से हुआ फरार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना तुरंत केशकाल पुलिस को दी। पुलिस दल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक जगदलपुर से रायपुर की ओर लकड़ी के गोले लेकर जा रहा था। प्राथमिक जांच में पता चला है कि ट्रक की रफ्तार अत्यधिक थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया था, जिससे यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि एनएच-30 पर नियमित गश्त और गति नियंत्रण की सख्त व्यवस्था की जाए, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। केशकाल पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

### मृतक जवान के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब



मृतक सीएएफ के जवान शंकरलाल नाग के पार्थिव शरीर को एक झलक देखने शुक्रवार को उनके गृह ग्राम फरसगांव में स्थानीय ग्रामीणों,परिजनों और दोस्तों की भारी भिड़ उमड़ने लगी हुई थी। पार्थिव शरीर घर पर पहुंचने का सभी को इंतजार है। जैसे ही करीब 12 बजे उसके पार्थिव शरीर को फरसगांव लाया गया । उसे पार्थिव शरीर को देखने भीड़ लग गई। सभी के आंखे भर आई।परिजनों को रो रो कर बुरा हाल हो गया। उनके सीएएफ कंपनी से आए हुए अधिकारियों ने मृतक के पार्थिव शरीर पर तिरंगा उड़ाकर सम्मान पूर्वक सलामी दी गई। और उसी तिरंगे को मृतक जवान के परिजनों को सम्मानपूर्वक सौंपा गया। मृतक जवान के शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मृतक के परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया। मृतक जवान की वर्ष 2009 में जगदलपुर में आयोजित पांचवी बटालियन की भर्ती में चयन के बाद जॉइनिंग हुई थी। जो छग प्रदेश के दंतेवाड़ा, तिरिया, जंगलवार, गीदम, जगदलपुर सहित कई जगह सेवा दे चुके थे, जो दिवाली पर्व के एक सप्ताह पहले उरंदाबेड़ा थानें में पदस्थ होकर छुट्टियों में घर आया हुआ था ।

## युवाओं के लिए 6 माह का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कोण्डागांव।** सेन्ट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा एनएमडीसी लिमिटेड के सहयोग से हैदराबाद में 6 माह का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग, मोल्डिंग आदि कोर्स शामिल हैं, जिन्हें अनुभवी विशेषज्ञ फैकल्टी द्वारा ऑडियो–वीडियो व नवीनतम तकनीकी माध्यमों से संचालित किया जाएगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए है। इसमें 8वीं पास और 18 वर्ष से अधिक आयु वाले युवक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि में निःशुल्क भोजन एवं छात्रवास की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही अभ्यर्थियों को यूनिफॉर्म, एप्रन, सुरक्षा जूते एवं कोर्स सामग्री भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 20 नवम्बर 2025 तक अपने समस्त दस्तावेजों शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन कर सकते हैं। आवेदन का स्थान जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, खुटडोबरा रोड, डोंगरीपारा, कोण्डागांव है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



## महिला समूहों ने खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना में दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- स्व–सहायता समूहों को मिला उद्योग स्थापना का मार्गदर्शन

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा शुक्रवार को फरसगांव के बीआरसी सभा कक्ष में उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकू राम नेताम ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य निर्मल नाग, सूकडू राम मण्डावी, मनीषा नेताम सहित पंचगण उपस्थित रहे। शिविर में महिला स्व–सहायता समूहों को खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योगों की जानकारी दी गई और उन्हें स्वयं की इकाई स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने रखिया बड़ी, मिनी राइस मिल, अचार, पापड़ मक्का पोहा निर्माण जैसे व्यवसायों में गहरी रुचि दिखाई।

**अधिकारियों ने किया प्रोत्साहित**

कार्यशाला में कुसुमलता नेताम, प्रभारी महाप्रबंधक, नम्रता एल्मा, सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव, तथा हर्ष लाहोटी, डीआरपी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने फरसगांव क्षेत्र के युवा एवं युवतियों को खाद्य निर्माण उद्योग की संभावनाओं और स्थापना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

## पूर्व सैनिक परिषद के जिला अध्यक्ष सूरज ने फल वितरण कर मनाया जन्मदिन



**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने अपने जन्मदिन को एक प्रेरणादायक रूप में मनाया। उन्होंने विकास नगर स्टेडियम में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों को फल वितरण कर यह दिन समाजसेवा और समर्पण के रूप में मनाया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों और परिषद पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष सूरज यादव को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सूरज यादव ने पूर्व सैनिकों और प्रशिक्षार्थियों के साथ केक काटा और सभी को फल वितरण कर आनंद साझा किया। स्टेडियम परिसर में उत्साह और सौहार्द का वातावरण रहा। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, सचिव उमेश साहू, पूर्व सैनिक रतिराम सोरी और ढालेश साहू, सहित बड़ी संख्या में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 150 युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

**शहर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की ली जानकारी**

# कलेक्टर ने पुनर्विकास कार्य में विभिन्न शासकीय भवनों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को कोण्डागांव शहर में चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आड़केछेपड़ा, बाजारपारा और तहसीलपारा स्थित विद्यालयों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा जर्जर भवनों को शीघ्र डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए।

**विभागीय कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग के कार्यालय, एनसीसी मैदान सहित अन्य स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यकतानुसार भूमि चिन्हांकन कार्य हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कुलवंत चहल, एसडीएम अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेश्मी पोया, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, लोक निर्माण विभाग के ईई ए.आर. मरकाम, तहसीलदार मनोज रावटे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जवाहर नवोदय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का लिया जायजा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को कोण्डागांव के बड़ेकनेरा रोड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की।

**गुणवत्ता और समयसीमा पर दिया विशेष जोर** टर ने शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य भवनों के निर्माण की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली और कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि सभी शेष कार्य दिसंबर माह तक पूर्ण कर लिए जाएं ताकि विद्यालय परिसर जल्द संचालन योग्य हो सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अजय उरांव, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 नवंबर से ओपीडी बहिष्कार की दी गई चेतावनी

# 11 माह से लंबित सीआरएमसी भुगतान पर डॉक्टरों का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले के समस्त चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ का एक प्रतिनिधिमंडल आज माननीय कैबिनेट मंत्री एवं नारायणपुर विधायक केदार कश्यप से सर्किट हाउस, नारायणपुर में मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री कश्यप को बताया कि विगत 11 माह से सीआरएमसी (नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि) का भुगतान लंबित है। चिकित्सकों ने अवगत कराया कि अबूझमाड़ जैसे दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्य करने के बावजूद चिकित्सकों को यह प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले छह महीनों में चार विशेषज्ञ चिकित्सकों के इस्तीफे के बाद भी शासन 2.5 से 3 लाख रुपये के वेतन पर भी किसी नए विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं कर पाया है।



**11 माह से नहीं हुआ राशि वितरणः** प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जबकि बस्तर संभाग के अन्य जिलों में नौ माह का भुगतान रोका गया है, नारायणपुर में स्थिति और भी गंभीर है — यहाँ 11 माह से राशि का वितरण नहीं हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री एवं सचिव को पूर्व में अवगत कराने और प्रदर्शन करने के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे डॉक्टरों और स्टाफ का मनोबल प्रभावित हुआ है।

### राशि का भुगतान किया जाएगा सुनिश्चित

प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री कश्यप को स्पष्ट रूप से चेताया कि यदि 15 नवम्बर तक लंबित राशि का भुगतान नहीं किया जाता, तो बस्तर संभाग के सभी चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ संयुक्त रूप से ओपीडी बहिष्कार करेंगे। इस पर मंत्री केदार कश्यप ने तत्परता दिखाते हुए फोन पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सेवाएं संचालक एवं एनएचएम संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला से चर्चा की। मंत्री कश्यप एवं डॉ. शुक्ला ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इस विषय में गंभीर है और 30 नवम्बर तक सीआरएमसी राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

आश्वासन के बाद नारायणपुर जिले के सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने निर्णय लिया कि 15 नवम्बर से प्रस्तावित ओपीडी बहिष्कार को 30 नवम्बर तक स्थगित किया जाएगा। यदि उस तिथि तक 11 माह की लंबित सीआरएमसी राशि का भुगतान नहीं होता है, तो 1 दिसम्बर से पूरे बस्तर संभाग में अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ की जाएगी, जो भुगतान होने तक जारी रहेगी।

**पेज 09 के शेष...**

### बकायादारों में शासकीय विभाग...

नगर पंचायत, ग्रामीण पंचायत पर सड़क बत्ती, जल प्रदाय पर 82 करोड़ 36 लाख 80 हजार 494 सहित अन्य विभाग के अनुसार लगभग एक अरब 59 करोड़ 4 लाख 14 हजार 750 रूपए का बिजली बिल बकाया है। बिजली बिल के भुगतान में विभाग अनदेखा कर रहा है।

### राशन में हेराफेरी...

का चावल वितरित किया गया। हर माह का चावल अगले माह में वितरित करता है। सरपंच लैखनराम बघेल और पंचों ने ग्रामीणों की बात का समर्थन करते हुए कहा कि विक्रेता पर एक माह का चावल गायब करने का आरोप है। जिससे हर बार एक माह का स्टॉक कम दिख रहा है। **जांच का मिला आश्वासनः** इस संबंध में विकासखंड बकावड की तहसीलदार जागेशवरी गावड़े ने बताया कि एसडीएम के आदेश के उपरांत शिकायत की जांच होगी।

### जनजातीय वीरों ने मुगलों और...

अपने पुरुषार्थ से राजसत्ता प्राप्त की और समाज को दिशा दी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने इतिहास की गौरवगाथा स्वयं लिखें।

जनजातीय नायकों की चित्र प्रदर्शनी : संचालन डॉ कुश कुमार नायक ने और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने जनजातीय नायकों की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में समाजसेवी यज्ञ सिंह, सुब्रमण्यम राव, महेश राव, उमेश सिंह, प्रकाश ठाकुर, सत्यनारायण, सहित विवि के प्राध्यापक एवं महाविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## एसडीएम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण में किया सहयोग



**बीजापुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत एसडीएम बीजापुर स्वयं मतदाता के रूप में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। एसडीएम जागेश्वर कौशल बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 164 जेडी कॉलोनी बीजापुर क्षेत्र के मतदाता हैं। इस अवसर पर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ ने एसडीएम को गणना पत्रक की प्रति प्रदान की। एसडीएम ने भी अपने पूर्व मतदाता विवरण की जानकारी बीएलओ को उपलब्ध कराई। वर्ष 2003 की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर में उनका नाम विधानसभा क्षेत्र क्र. 57 सिहावा, भाग संख्या मतदान केंद्र क्रमांक 114 घटुला में सरल क्र. 146 पर दर्ज था। एसडीएम जागेश्वर कौशल द्वारा यह जानकारी प्रदान किए जाने से निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता एवं सटीकता सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित हुआ है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपने नाम एवं विवरण का सत्यापन अवश्य करें।

## गुरु नानक जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में गुरु नानक जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में गुरु नानक जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के भैया-बहनों और आचार्य दीदियों ने गुरु नानक जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु नानक जी के जीवन और उनके द्वारा दिए गए संदेशों के बारे में विस्तार से बताया।विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने कहा कि गुरु नानक जयंती सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव के जन्म दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 ईस्वी में तलवंडी अब ननकाना साहिब, पाकिस्तान में हुआ था। गुरु नानक देव ने लोगों को सच्चाई, समानता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी ने सिखाया कि ईश्वर एक है और सभी मनुष्य समान हैं। उन्होंने लोगों को एकता, शांति और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा दी। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष सजावट की जाती है कीर्तन और लंगर का आयोजन होता है और गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया जाता है।

## दुर्गा मिस्त्री को दी गई श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** अंजू शिक्षण एवं सिलाई प्रशिक्षण संस्था में दिवंगत दुर्गा मिस्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था प्रमुख अंजू रॉय की वह बड़ी बहन थी। संस्था के स्टाफ व स्टूडेंट्स काजल साव, हेमा, तुलसी सरकार, वीरपाल, लक्ष्मी शर्मा, मीना दास, पदमा, अंजली, चंद्रावती, सविता, निर्मला पलक सरकार, सुखमति, कविता, रचना, फूलकुमारी ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी।

# सुकमा में बस्तर ओलंपिक की धूम, छिंदगढ़ में जोन स्तरीय खेलों में दिखा जोश और उत्साह

हरिभूमि न्यूज : सुकमा



बस्तर ओलंपिक के तहत सुकमा जिले में आयोजित जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में खेल प्रेम और ऊर्जा का शानदार संगम देखने को मिला। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में छिंदगढ़ विकासखंड में गुरुवार को हुए मुकाबलों में ग्रामीण अंचलों से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साह और जज़्बे के साथ हिस्सा लिया। मैदानों में खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों की उमंग ने पूरे माहौल को खेलमय बना दिया। खेल प्रतियोगिताओं की सफलता में जिला प्रशासन की उत्कृष्ट तैयारियों ने अहम भूमिका निभाई। मैदान में स्वास्थ्य विभाग की टीम व एंबुलेंस की व्यवस्था, साथ ही खिलाड़ियों के लिए नाश्ता, भोजन और पानी टैंकर जैसी सुविधाओं ने आयोजन को और सुव्यवस्थित बनाया।

जूनियर और सीनियर वर्ग में जोनवार आयोजित इन प्रतियोगिताओं में खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकस्सी, लंबी कूद, ऊँची कूद, तवा फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ व रिले रेस जैसे खेलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### स्थानीय खेलों को मिली नई ऊर्जा

यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं रहा, बल्कि बस्तर की पारंपरिक खेल संस्कृति को नई दिशा देने का अवसर भी बना। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को उत्सव में बदल दिया। दर्शकों की गूंजती तालियाँ और जयकारे खिलाड़ियों के उत्साह को दोगुना करते नजर आए। सचमुच सुकमा में बस्तर ओलंपिक ने साबित कर दिया कि खेल न केवल प्रतिभा का परिचायक हैं बल्कि समाज को एकता, उत्साह और ऊर्जा से जोड़ने वाली जीवंत कड़ी भी हैं। कार्यक्रम में एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस, जनपद सीईओ पीके गुप्ता, बीईओ पुष्कर वर्मा उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई

# एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का अमर प्रतीक है वंदे मातरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण, मेंढ़का डोबरा मैदान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना।

■ **प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें : सांसद**

इस कार्यक्रम के दौरान सांसद बस्तर महेश कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। हमने हाल ही में राज्योत्सव (रजत जयंती महोत्सव), लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती, और आज भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ जैसे गौरवपूर्ण अवसरों को एक साथ मनाया है। हमारे देश की महान विभूतियां ही हमारी प्रेरणा हैं। यह भूमि देवभूमि कही जाती है क्योंकि यहां त्याग, तपस्या और राष्ट्रसेवा की भावना निहित है। हमें ऐसे महान पुरुषों के जीवन से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

सांसद ने आगे कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना बंकिमचंद्र चटर्जी ने की थी। यह गीत हमारे देश की आत्मा है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के समय हर भारतीय के हृदय में जोश और गर्व जगाया। हमें इसे केवल गीत नहीं, बल्कि जीवन का आदर्श बनाना चाहिए। इसके साथ ही सांसद ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति समर्पण, श्रद्धा और त्याग का प्रतीक है। जब भी हम वंदे मातरम कहते हैं, तो हमारे भीतर देशभक्ति की नई ऊर्जा संचारित होती है। यह गीत भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का अमर प्रतीक है। आज हमें बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के उस अमर संदेश को याद रखना है, जिसने भारत को 'माँ भारती' के रूप में देखने की दृष्टि दी।

इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी ने अपने उदबोधन में कहा कि आज हम राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ का उत्सव मना रहे है यह वही गीत है जिसने गुलामी की जंजीरों से जकड़े एक राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोकर हर भारतीय के मन में स्वतंत्रता की अखण्ड ज्वाला को प्रज्वलित किया। इसके रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी ने इस अमर प्रेरणा परक गीत को रच कर सदैव के लिए अमर हो गए आज हमारा राष्ट्र उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा। इसके साथ ही कलेक्टर कुणाल दुदावत ने भी अपने संबोधन में कहा कि यह हम सब के लिए गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां एकत्र हुए है हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि इस राष्ट्रीय गीत के मूल संदेश को जन-जन तक पहुंचाए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**बस्तर ओलंपिक का दो दिवसीय खेल का शुभारंभ**

# खेलों में युवाओं और ग्रामीणों ने दिखाया दमखम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता दो दिवसीय का शुभारंभ बस्तर सांसद महेश कश्यप की मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप की उपस्थिति में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ हुआ। ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में गुरुवार को बस्तर ब्लॉक के 91 पंचायत व एक नगर पंचायत के खेल प्रतिभागी विभिन्न खेलों में शामिल हुए।आयोजित प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक ग्रामीण व स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिए पारंपरिक खेलों में खो-खो, कबड्डी,रस्सा कसी, दौड़, गोला फेक,भाला फेंक, बैडमिंटन, वॉलीबॉल,लंबी कूद,ऊंची कूद,तीरंदाजी जैसे खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर ओलंपिक खेलकूद के माध्यम से बस्तर संभाग की युवाओं को मंच प्रदान करना सरकार द्वारा सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिला एवं संभाग में नाम रोशन करें बस्तर ओलंपिक का उद्देश्य युवा प्रतिभा का बाहर लाएं। खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिले बस्तर का युवा पढ़ लिखकर आईएस, आईपीएस,इंजीनियर, डॉक्टर,खिलाड़ी बनकर बस्तर का नाम रोशन करना चाहता है।

■ **सांसद महेश कश्यप समेत जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

इस वर्ष 3 लाख से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन करवा चुके हैं।मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष बस्तर ओलंपिक का आयोजन की शुरुआत किया था। लगातार बस्तर के युवा खेल में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के पश्चात बस्तर सांसद ने विभिन्न ग्राम पंचायत के लिए पानी टैंकर का पूजा अर्चना कर ग्राम पंचायत को सौपा गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल,जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, शकुंतला कश्यप, कांतिबाई मौर्य, जनपद उपाध्यक्ष जयबती कश्यप,जनपद सदस्य रायधर दीवान, रामानंद मिश्रा, सुखदेव मंडावी,उदबोराम नाग,डॉ व्हीएस राजपूत,समीर मिश्रा,नरेंद्र जोशी, फुलसिँह मौर्य सहित जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र, सीएमओ तरुणपाल लहरे, बीईओ भारती देवांगन समेत बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक व स्कूली बच्चे एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# ओलंपिक में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम के अटल बिहारी वाजपाई एजुकेशन सिटी जावंगा में 3 दिवसीय विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2025 खेल प्रतियोगिता 3 से 5 नवंबर तक आयोजित किया गया। यह आयोजन पुलिस प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा के सहयोग से नोडल आयोजक जनपद पंचायत गीदम एवं स्कूल शिक्षा विभाग गीदम के द्वारा संपन्न किया गया।

बालिका एवं बालिकाओं के लिए जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग प्रतियोगिता शामिल किया गया। छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन पर बस्तर क्षेत्र के युवाओं एवं आम जनता को ओलंपिक खेल में सम्मिलित करने उद्देश्य से एकलव्य खेल परिसर जावांगा में बैडमिंटन, कराते, कबड्डी, तीरंदाजी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स एवं रस्साखींच खेल आयोजित किया गया। आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा के खेल मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधान सभा क्षेत्र दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, विशिष्ट अतिथियों जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश कौशल एवं जावांगा ग्राम पंचायत सरपंच बोमड़ा कोवासी एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने विजेताओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दे कर सम्मानित किया। विजेता प्रतिभागी दंतेवाड़ा में जिला स्तर पर होने वाले बस्तर ओलंपिक में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक में नोडल आयोजक जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलराम सिंह ध्रुव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम के मार्गदर्शन पर सर्व अधिकारीगण, सर्व सचिव जनपद पंचायत, सर्व संकुल समन्वयक शिक्षा विभाग, सर्व पीटीआई, शिक्षक शिक्षिकाएं अहम भूमिका निभाकर प्रतियोगिताएं सुचारू रूप से संपन्न किया। इस खेल प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग 11 विधाओं में विकासखंड गीदम के विभिन्न ग्राम पंचायत, नगर पंचायत एवं शैक्षणिक संस्थाओं से लगभग 13050 प्रतिभागी हिस्सा लिए।

## एनएमडीसी रत्न अवार्ड से नवाजे जाएंगे बचेली परियोजना के उप महाप्रबंधक

**किरंदुल।** एनएमडीसी के 68 वें स्थापना दिवस पर एनएमडीसी के मुख्यालय हैदराबाद में होने वाले एनएमडीसी सीएमडी अवार्ड फ़ॉर एक्सीलेंट परफॉर्मेंस के लिए



एनएमडीसी बचेली परियोजना के सिविल विभाग में उप महाप्रबंधक सिविल के पद पर कार्यरत अधिकारी अभिषेक सिंह को इस वर्ष अध्यक्ष सह प्रबंधक यानी सीएमडी अवार्ड फ़ॉर एक्सीलेंट परफॉर्मेंस में एनएमडीसी रत्न अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। एनएमडीसी के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनएमडीसी बचेली परियोजना सिविल विभाग के उप महाप्रबंधक अभिषेक सिंह को एनएमडीसी रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। अभिषेक सिंह की इस उपलब्धि पर एनएमडीसी बचेली एवं एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के सिविल विभाग के साथ-साथ दोनों परियोजना के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बधाई प्रेषित की है।

# महतारी वंदन से 2604 महिलाओं को मिली प्रथम किश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही महतारी वंदन योजना अब सुकमा जिले के नियद नेल्लानार क्षेत्रों की महिलाओं तक भी पहुँच चुकी है। यह योजना दूरस्थ व अतिसंवेदनशील इलाकों में निवासरत महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में बड़े पैमाने पर महतारी वंदन योजना का सर्वेक्षण कार्य किया गया, जिसके तहत नियद नेल्लानार के 159 गांवों की पात्र महिलाओं की पहचान की गई। सर्वे के उपरांत पात्र पाई गईं 2604 महिलाओं को 1,000 रुपये की प्रथम किश्त की राशि ऑनलाइन उनके खातों में हस्तांतरित की गई। अब इन महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये की नियमित आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

कलेक्टर ने बताया कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से शासन का उद्देश्य है कि हर पात्र महिला को आर्थिक सुरक्षा मिले और वे निर्णय लेने में आत्मविश्वास से आगे बढ़ें। नियद नेल्लानार क्षेत्रों में यह योजना महिलाओं के जीवन स्तर में ठोस सुधार लाने में मील का पत्थर साबित होगी। उल्लेखनीय है कि सुकमा जिले में नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत कोंटा विकासखंड के 39 पंचायत तथा सुकमा विकासखंड के 2 पंचायतों के कुल 159 गांव शामिल हैं। जिला प्रशासन सुकमा की इस पहल से ग्रामीण अंचल की महिलाएं अब आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। योजना से जुड़ने के बाद कई महिलाओं ने इसे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला कदम बताया है।

# 30 प्रतिभाशाली विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा द्वारा जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रेरणा देने के उद्देश्य से इसरो श्रीहरिकोटा शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

■ **विधायक सहित जनप्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से विज्ञान एवं शोध में विशेष रुचि रखने वाले 13 छात्र और 17 छात्राओं का चयन किया गया है। इन विद्यार्थियों के साथ में संस्था से शिक्षक भी मार्गदर्शक के रूप में शामिल हैं। यह भ्रमण 5 नवंबर से 10 नवंबर तक पांच दिवसीय रहेगा। छात्रों के दल को विधायक चैतराम अटामी एवं जनप्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले के बच्चों में असीम संभावनाएं हैं। भविष्य की ऐसे ही संभावनाओं को प्रोत्साहन देने स्वरूप बच्चों को अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान जैसे प्रतिष्ठित केंद्रों का अवलोकन कराया जा रहा है। यह हमारे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण बच्चों के अंदर विज्ञान और नवाचार के प्रति जिज्ञासा को बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य में वैज्ञानिक, शोधकर्ता और तकनीकी विशेषज्ञ बनने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, डीएमसी हरीश गौतम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक की फुटबॉल टीम ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा की वरिष्ठ वर्ग फुटबॉल टीम ने बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में गीदम ब्लॉक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। टीम ने शानदार तालमेल, दमदार रणनीति और बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीमों को मात दी। टीम के कप्तान भवानी शंकर के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने पूरे आयोजन में शानदार संयोजन का परिचय दिया। टीम के अन्य खिलाड़ियों में विकेश खांडे, आलोक पटनायक, आलोक, काशी दुर्गा, रोहित, चेतन, जोएल, भुवनेश्वर, पवन सिंह ठाकुर, वैभव तेलम, पलाश, थानेश, अभय, अनिल, कार्तिक दुर्गा, शौर्य सिंह शामिल रहे। कॉलेज के प्राचार्य, स्टाफ एवं प्रबंधन ने खिलाड़ियों को इस शानदार उपलब्धि हेतु हार्दिक बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान का मान बढ़ाती है बल्कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है।

टीम की इस उपलब्धि से पूरे कॉलेज परिसर में हर्ष का माहौल है। संस्था की ओर से खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है और आने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु शुभकामनायें प्रेषित की।

# बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बस्तर क्षेत्र में खेल भावना को प्रोत्साहित करने और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित बस्तर ओलंपिक के तहत विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिता जारी हैं।

इसी क्रम में बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन 4 एवं 5 नवम्बर को भव्य रूप से किया गया। समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन युवाओं में खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और टीम भावना को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से प्रतियोगिताओं में खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी, लंबी दौड़, लंबी कूद एवं रस्साकशी जैसे पारंपरिक और आधुनिक खेलों को शामिल किया गया।

ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता बीजापुर हेतु किया गया, जहाँ वे आगे प्रतिस्पर्धा करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उनकी सहभागिता ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रूपसिंह ने पदभार ग्रहण किया



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने आज शपथ ग्रहण कर पदभार संभाला। इस मौके पर बस्तर से बड़ी संख्या में समर्थक रायपुर पहुंचे। जिनमें जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, रोहित त्रिवेदी, संग्राम सिंह राणा एवं अन्य शामिल थे।

### मामले की होगी निष्पक्ष जांच : खान

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी समीर खान ने कहा कि बीजापुर में पार्टी के



अध्यक्ष पर वहां के एक पत्रकार को धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी । पत्रकार भरत दुर्गम को न्याय मिलेगा और जिला अध्यक्ष सतीश मांडवी को भी अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी हर पत्रकार का सम्मान करती है । पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कहा कि पत्रकारों पर किसी भी प्रकार का दवाब या अभद्र व्यवहार लोकतंत्र के लिए खतरा है।

### नियम के विपरीत 3 कर्मियों को दी गई पदोन्नति : अजाक्स

**जगदलपुर।** अजाक्स के कार्यवाहक प्रान्ताध्यक्ष व्ही.पी. शोरी एवं सदस्यों ने संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को ज्ञापन सौंपा। जिसमें संतोष कुमार धीवर, ओमप्रकाश बघेल, संजू नागेश की भर्ती में नियमों का पालन न करते हुये टायपिंग परीक्षा अनुत्तीर्ण कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि स्वीकृत किया गया हैं। नियमों को ताक में रखकर पदोन्नति भी दिया गया। शर्त अवधि पूर्ण नहीं करने की स्थिति में तीनों कर्मचारियों से वसूली कर मूल पद में पदावनति करने की कार्यवाही किया जावे।

# मोतियाबिंद के 484 मरीजों का महारानी अस्पताल में होगा ऑपरेशन

## ब्लॉक के 46 गांव के 174105 लोगों का किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देश में राजनगर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सरिता थामस के मागदर्शन में सभी सातों सेक्टरों में प्रत्येक गाम पाराओं में नेत्र संबंधी सभी प्रकार के खोज जांच एवं उपचार करने हेतु घर-घर सर्वेक्षण नेत्र सहायक अधिकारी पुरुष, महिला स्वास्थ्य संयोजक महिला पुरुषो एवं मितानीनों के सहयोग से किया गया। सर्वेक्षण में ब्लॉक के 46 गांव के एक लाख 74 हजार 105 लोगों का सर्वे किया, इसमें 484 लोग मोतियाबिंद के मरीज मिले, जिनका महारानी अस्पताल में ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही 210 लोगों को चश्मा का वितरण किया गया। बताया जा रहा है कि सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम एक स्वास्थ्य अभियान है जिसका उद्देश्य अंधता और अल्प दृष्टि को कम करना है।

इन कार्यक्रमों में आमतौर पर नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद के रोगियों की पहचान और मुफ्त इलाज, और ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना शामिल है, जैसा कि साइटसेवर्स इंडिया और भारत सरकार के कार्यक्रमों में देखा गया है।





### अस्पताल नहीं पहुंचने वालों को मिला लाभ

सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि इस सर्वे से जो अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते उन्हें भी इसका फायदा मिला। कार्यक्रम में नेत्र परीक्षण के लिए नेत्र सहायक अधिकारी, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, समस्त आरएचओ महिला, पुरुष एवं समस्त सीएचओ व मितानिन समन्वयक रहे।

## जिला कार्यालय में हुआ सामूहिक वंदेमातरम गायन

# राष्ट्र भाव का शाश्वत मंत्र है वन्देमातरम : केदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्र गीत वन्देमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सामूहिक वन्देमातरम गायन का आयोजन किया गया। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि वंदेमातरम सिर्फ गीत नहीं वरन भारत की आत्मा और राष्ट्र भाव का शाश्वत मंत्र है।

सामूहिक वन्देमातरम गायन में जिले भर के कार्यकर्ता सहभागी बने। कश्यप ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक वंदेमातरम ने देशवासियों में राष्ट्र भक्ति, आत्मसम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अद्भुत चेतना जगायी है। बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय की यह अमर रचना स्वतंत्रता संग्राम के हर चरण में राष्ट्रप्रेम, आत्मबल व जनजागरण की प्रेरणा बनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वंदेमातरम की 150 वीं वर्षगांठ का स्मरणोत्सव हमें राष्ट्रीय एकता, त्याग व कर्तव्य बोध की पुनः स्मृति कराता है। उन्होंने कहा कि देश में विघटनकारी शक्तियां भिन्न भिन्न रूपों में आज भी सक्रिय हैं जिनसे देश को सुरक्षित रखना है। वंदेमातरम से जन जन को जोड़ कर राष्ट्रीय चेतना जगाने का काम हम सभी को सतत करना है। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप व पूर्व जिला अध्यक्ष विद्या शरण तिवारी ने भी उद्बोधन दिया। संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव व आभार प्रदर्शन जिला कोषाध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही ने किया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, बैदूराम कश्यप, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, श्रीनिवास मिश्रा, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, आनंद मोहन मिश्रा, अश्विन सरडे, मनीराम कश्यप, ललिता बघेल, सुधा मिश्रा, उमाकांत सिंह, दंतेश्वर राव, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, सुरेश गुप्ता, शशि नाथ पाठक, योगेश शुक्ला, दशरथ गुप्ता, विक्रम सिंह यादव, अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर, दिगम्बर राव, संतोष बाजपेयी, सूर्य भूषण सिंह, बृजेश भदौरिया, दिनेश केजी, प्रकाश रावल, ब्रिजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### कमिश्नर कार्यालय में वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन

जगदलपुर। भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर शुक्रवार को कमिश्नर कार्यालय में प्रातः 11 बजे वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। साथ ही नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन किए जा रहे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने तन्मयता के साथ देखा। इस मौके पर कमिश्नर डोमन सिंह सहित डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार एवं गीता रायस्त और कमिश्नर कार्यालय समेत कोष-लेखा एवं पेंशन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस ऐतिहासिक अवसर पर कलेक्टोरेट सहित जिला पंचायत और अन्य सभी शासकीय कार्यालयों में भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।

### सेजेस अलनार एवं मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल उलनार में कार्यक्रम



जगदलपुर। वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर सेजेस अलनार और डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उलनार में यह कार्यक्रम देश भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विद्यालयों में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से "वंदे मातरम" का गायन किया, जिससे वातावरण देशभक्ति के स्वर से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधा प्रसारित संबोधन के साथ हुआ, जिसे सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति प्रेम, सम्मान और त्याग की भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए एक सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। प्रधानमंत्री के संदेश के पश्चात विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया।

### 65 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण




जगदलपुर। वन्दे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम के निर्देश पर कंपनी के अस्पताल की ओर से कंपनी के प्रशासनिक भवन परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 65 अधिकारी, कर्मचारियों की जांच, जिसमें 12 लोग बीपी, 10 शुगर के मरीज मिले, जिनका उपचार किया जाएगा। इसमें कंपनी के अस्पताल के डॉ. आरके श्रवण कर्मचारियों के साथ जुटे रहे।

# वंदे मातरम से गूंजा शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विश्वविद्यालय परिवार ने देखा।

यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में संपन्न हुआ । जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक, स्वयंसेवक एवं विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक एकता के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। समापन पर पूरा सभागार वंदे मातरम के गगनभेदी स्वरों से गूंज उठा। सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगीत गाया और उसका वीडियो वंदे मातरम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया। इस अवसर ने नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा से जोड़ते हुए उनमें देशप्रेम की भावना को प्रबल किया।

कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी, डॉ शरद नेमा, डॉ स्वपन कुमार कोले, डॉ विनोद कुमार सोनी और एनएसएस समन्वयक डॉ सजीवन कुमार ने इसे भारत की एकता,अखंडता और सांस्कृतिक गौरव के प्रति समर्पण का क्षण बताया। विश्वविद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि राष्ट्रभावना को मजबूत करने वाले आयोजन भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

### आयोजन राष्ट्रभक्ति का प्रेरणादायी प्रतीक बना

सभागार में जब वंदे मातरम के स्वर गूंजे तो वातावरण मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और गौरव से भर उठा। यह आयोजन छात्रों में देशप्रेम, अनुशासन और समर्पण की भावना को जागृत करने वाला बना। विश्वविद्यालय परिवार ने इसे भारत माता को समर्पित अमर क्षण बताया और इसे भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत घोषित किया।

# रायपुर पासिंग लालबती व पुलिस लिखे स्कार्पियो से कर रहे थे गांजा की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गांजा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने दो

- **चेकिंग देख वाहन छोड़ भागे तस्कर, वाहन से 5 .66 लाख का गांजा बरामद**
- **बस से गांजा तस्करी कर रहा राजस्थान का तस्कर गिरफ्तार, एक लाख से अधिक का गांजा जब्त**

अलग मामले में लाखों रूपए का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस को चकमा देने के लिए तस्कर लालबती व पुलिस लिखी स्कार्पियो वाहन से गांजा की तस्करी कर रहे थे। वहीं एक अन्य मामले में बस का इंतजार कर रहे राजस्थान के तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।






गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था।

पहली कार्रवाई में टीम द्वारा स्कार्पियो वाहन से 11 पैकेट कुल 56.605 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 66 हजार रूपए आंका गया है। गांजा की तस्करी के लिए आरोपियों द्वारा वाहन में पुलिस के साज- सामानों का उपयोग किया गया था। पुलिस को चकमा देने के लिए स्कार्पियो वाहन में आरोपियो के द्वारा वाहन के सामने एवं पीछे पुलिस लिखा हुआ प्लेट लगाया गया था, इसके अलावा वाहन में सायरन व लाल-नीला बत्ती का उपयोग किया गया था। आरोपियो से जब्त स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू 8248 को पुलिस पेट्रोलिंग व फालो पायलट वाहन की तरह तैयार कर गांजा परिवहन किया जा रहा था जिसमें दो आरोपी सवार थे जो पुलिस नाकाबंदी को देखकर नाकाबंदी स्थान से काफी पहले वाहन को खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल झाड़ी का आड़ लेकर भाग गये। फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तलाशी कर रही है।

### राजस्थान झुनझुन्नु का तस्कर गिरफ्तार

एक अन्य मामले में नगरनार पुलिस ने राजस्थान झुनझुन्नु के तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा सीमा में बस का इंतजार कर रहा था जिसकी सूचना पर टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विक्की उर्फ चटकू 25 वर्ष निवासी ग्राम धानी भालोठ पोस्ट बुहाना थाना पेचरी जिला झुनझुनू राजस्थान का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से 10.764 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद कर जब्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 7640 रूपए आंका गया है। दोनो मामले में गांजा बरामद करने में निरीक्षक सतोंष सिंह के अलावा एएसआई सतीश यादव, महेन्द्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक पीलेश्वरी साहु, धरम कश्यप, विनोद यादव, आरक्षक दशरू नाग, चन्द्रकुमार कवंर, सैनिक जगन्नाथ व अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पेसा कानून के उल्लघंन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्थानीय संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पेसा कानून के उल्लघंन, बस्तर ऑलम्पिक में घायल छात्रा के उपचार में कि गई लापरवाही समेत तीन सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

कलेक्टर के नाम से दिए गए

- **बस्तर ऑलम्पिक में घायल छात्रा के उपचार में की गई लापरवाही**

ज्ञापन में बताया कि बस्तर ऑलम्पिक आयोजन के दौरान घायल हुई खिलाड़ी ललिता मौर्य के उपचार में लापरवाही, पंचायतों को लंबित फंड की समस्या और रेत उत्खनन की ई-नीलामी प्रक्रिया में पेसा अधिनियम के उल्लंघन को लेकर जिला प्रशासन के समक्ष तीन अलग-अलग गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं। स्थानीय संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर बस्तर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पहला मामला बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता के दौरान हुए हादसे से संबंधित है ग्राम तेलीमारेंगा निवासी खिलाड़ी छात्रा ललिता मौर्य 31 अक्टूबर 2025 को ग्राम पंचायत मोरठपाल के हाई स्कूल मैदान में लंबी कूद प्रतियोगिता के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। मैदान में तत्काल प्राथमिक उपचार की सुविधा न होने के कारण उसे लगभग दो घंटे बाद डिमरापाल अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए एमपीएम अस्पताल रेफर किया गया जहां वर्तमान में उसका इलाज जारी है। आवेदन में कहा कि खेल आयोजन समिति ने पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था नहीं की जिससे दुर्घटना के बाद समय पर उपचार नहीं मिल सका। ज्ञापन में कलेक्टर से घायल खिलाड़ी के समुचित इलाज और उपचार व्यय के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो जिला आदिवासी कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। दूसरा मुद्दा ग्राम पंचायतों को लंबित फंड जारी करने से जुड़ा है। ज्ञापन में बताया गया कि बस्तर जिले की अधिकांश ग्राम पंचायतों को पिछले आठ माह से 15वें वित्त आयोग, डीएमएफटी और नल-जल योजना के तहत स्वीकृत राशि प्राप्त नहीं हुई है। इससे ग्राम स्तर के विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, विद्यालय मरम्मत, आंगनबाड़ी भवनों सहित नल-जल योजना के हैंडपंप और टंकियां खराब अवस्था में हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं।

कलेक्टर से मांग की गई है कि लंबित राशि तुरंत जारी की जाए और पंचायतों को नियमित फंड आवंटन सुनिश्चित किया जाए और आवश्यक कार्यों के लिए अस्थायी वित्तीय सहायता दी जाए।




# शिव-भैरव सेवा समिति ने मनाया दीपावली मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर के महादेवघाट चौक में शिव-भैरव सेवा समिति द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में तरंग म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने गीतों की प्रस्तुती देकर देर रात तक समा बांधा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

- **वार्ड के दर्जन भर लोगों का किया गया सम्मान**

नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन व उत्कल समाज अध्यक्ष राजेश दास द्वारा वार्ड के दर्जन भर से अधिक लोगों का पुष्पगुच्छ व कप देकर सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि शिव-भैरव सेवा समिति का यह दूसरा आयोजन था इससे पूर्व 15 अगस्त को झण्डावंदन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। समिति एवं तरंग म्यूजिकल ग्रुप द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दीपावली मिलन एवं संगीत मय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरांत एक से एक हिट गीतों की प्रस्तुति शहर के कलाकारों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम की प्रस्तुती के दौरान वार्ड के लोग अपनी अपनी जगह घटों जमे रहे और कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। आयोजन के दौरान वार्डवासियों के अलावा आमंत्रित कलाकार विश्वतीत, अफजल अली, राजेश सिंह, मंजूषा, गौरी, आभा, रिंकू, मनीष, मनोज महापात्र व संजय तिवारी का मुख्य अतिथि व समाज अध्यक्ष द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवमंदिर वार्ड के पार्षद निर्मल पाणिग्राही भैरमदेव वार्ड की पार्षद त्रिवेणी रंधारी, समिति सदस्य असीम दास, विजय बेवर्ता, शिव साहनी व अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संचालन उत्कल समाज के उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद तिवारी ने किया।






